कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान,रीवा एवं शहडोल संभाग, रीवा (म0प्र0)

email-jdhrewa@gmail.com

क्रमांक / उद्यान / तक–1 / 2015–16 / 484 रीवा, दिनांक 3-6-15

प्रति,

आयुक्त,
जनसम्पर्क म0प्र0 भोपाल

विषयः– **वर्ष 2015–16 हेतु प्रमाणित सब्जी / मसाला बीजों के क्रय हेतु निविदा सूचना समाचार पत्रों मे प्रकाशित कराने बावत।**

सन्दर्भ :– संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म0प्र0भोपाल का पत्र क्रमांक / हार्टि / डी–1 / 04 / 2015–16 / 1108 भोपाल दिनांक 29 मई 2015

–00–

विषयांतर्गत लेख है कि बाड़ी कार्यक्रम एवं मिनीकिट प्रदर्शन योजना 2015–16 के अन्तर्गत प्रमाणित सब्जी एवं मसाला बीजों को निविदा के माध्यम से क्रय करने हेतु संचालनालय के सन्दर्भित पत्र के अनुसार निर्देश प्राप्त हुए है। अतः निविदा प्रारूप तैयार कर समाचार पत्रों मे प्रकाशित कराने हेतु पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर भेजा जा रहा है। कृपया निविदा पत्र समाचार पत्रों मे प्रकाशित कराने की अत्तिशीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करे।

संलग्न :– निविदा प्रारूप

3/6/15

संयुक्त संचालक उद्यान
रीवा एवं शहडोल संभाग

कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान, रीवा एवं शहडोल संभाग, रीवा (म0प्र0)

email-jdhrewa@gmail.com

क्रमांक/उद्यान/तक–1/टेण्डर/2015–16/ 482 रीवा, दिनांक 03 जून 2015

प्रमाणित सब्जी/मसाला बीजों के क्रय हेतु निविदा सूचना

वर्ष 2015–16 बाड़ी किचेन गार्डन एवं मिनीकिट/प्रदर्शन योजनांतर्गत प्रमाणित सब्जी बीज/मसाला बीज जिसकी किस्में भारत शासन द्वारा अधिसूचित हो जिसमे भिण्डी 87.76 क्विंटल, लौकी 50.79 क्विंटल, करैला 22.39 क्विंटल, गिलकी 40.51 क्विंटल, बरवटी 49.54 क्विंटल, पालक 92.16 क्विंटल, कद्दू 7.27 क्विंटल तथा मिनीकिट/प्रदर्शन हेतु टमाटर 13.92 क्विंटल, बैगन 15.27 क्विंटल, मिर्च 49.93 क्विंटल, खरीफ प्याज बीज 3.30 क्विंटल, हल्दी 104.59 क्विंटल एवं अदरक 42.22 क्विंटल के क्रय हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता उपरोक्त प्रमाणित बीजों मे से किसी भी एक फसल की उपलब्ध मात्रा हेतु एवं समस्त बीजों की उपलब्धता हेतु भी निविदा प्रस्तुत करने हेतु स्वतंत्र रहेगा, जो कि विभाग के नियम व शर्तो को पूर्ण करता हो। उक्त मात्राएं अनुमानित है, प्राप्त दरों के अनुसार मात्रा मे कमी अथवा वृद्धि हो सकती है।

उक्त निविदा फार्म, नियम व शर्तो सहित रूपये 1000.00 के बैंक ड्राफ्ट जो कि संयुक्त संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संभाग रीवा के नाम से देय हो अथवा नगद भुगतान कर कार्यालयीन समय पर किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं **दिनांक 18 जून 2015 को समय दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी** तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे निविदाकर्ताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

उक्त दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं मान्य नही की जायेगी। निविदा की समस्त शर्ते निविदा फार्म मे उल्लेखित की गई है तथा निविदा फार्म विभाग की वेबसाइट www.mphorticulture.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, रीवा एवं शहडोल संभाग, को किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

3/6/15

संयुक्त संचालक उद्यान
रीवा एवं शहडोल संभाग

पृ0क्रमांक/उद्यान/तक–1/टेण्डर/2015–16/482-83 रीवा, दिनांक 03 जून 2015

प्रतिलिपि :–

आयुक्त, जनसंपर्क, म0प्र0, जनसम्पर्क भवन, बाणगंगा भोपाल, की ओर भेजकर अनुरोध है कि कृपया समाचार पत्रों मे निविदा शीघ्र प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3/6/15

संयुक्त संचालक उद्यान
रीवा एवं शहडोल संभाग